| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | 6,262.47 | 7,110.12 | 2,830.58 | 22,936.74 | 13,246.84 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 2,362.19 | 1,801.41 | 144.68 | 6,583.52 | 2,622.86 |
| 4. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 2321.30 | 1801.41 | 146.62 | 6,542.62 | 2,624.80 |

By or on behalf of the Board
Sd/-
**Ashok Kumar Jain**
(Chairman & Managing Director)
**DIN : 00184729**

Place: **Mumbai**
Date : **May 21, 2024**

VIGILANCE

एक नजर

## प्री-मानसून मेंटेनेंस के चलते तीन घंटे सप्लाई रहेगी बंद

विदिशा,(निप्र)। विदिशा शहर के जोन-1 में वाटर वर्क्स फीडर पर तीन घंटे बिजली आपूर्ति सप्लाई बंद रहेगी। कंपनी के प्रबंधक के अनुसार 11केवी के वाटर वर्क्स फीडर से संबंधित इलाके में सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इससे डंडापुरा, बस स्टेंड, पानबाग, शंकरनगर, बांसकुली, मयूर चैनल वाली गली, बालाजी एनक्लेव, सांची रोड, सिंधी कॉलोनी, खाई रोड, बक्सरिया, पेढ़ी चौराहा, चौपड़ा मोहल्ला, शिवाजी चौक, आदि क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी।

## जल संकट से निपटने हैंडपंप में डाली जा रही नई मोटर

**विदिशा,(निप्र)।** पठारी पहाड़ी पर बसे पठारी कस्बे में पिछले कई दिनों से भीषण जल संकट से लोग जूझ रहे हैं। ट्यूबवेलों एवं हैंडपंपों का पानी के गिरते जल स्तर को देखते हुए ग्राम पंचायत पठारी की सरपंच राखी अखिलेश पंथी ने साहू मोहल्ला एवं एसबीआई बैंक के पास वाले पुराने हैंडपंप में नई मोटर डलवाई। जबकि खुरई रोड वाले हैंडपंप में पांच पाइप बढ़वाए गए हैं। सरपंच पंथी ने बताया कि बोरों में पानी की कमी को देखते हुए नए बोर करने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

## काला तालाब का होगा सुदृढ़ीकरण व सौंदर्यीकरण

आष्टा,(निप्र)। नगरपालिका नगर विकास में तीव्र गति से जुट चुकी है। जहां आगामी बारिश से निपटने की पुख्ता तैयारियां पूर्णतः की ओर है, वहीं ग्रीष्म ऋतु में होने वाली जलसंकट जैसी गंभीर समस्या पर पूरी तरह काबू पाया गया है। कन्नौद रोड़ स्थित काला तालाब जो कि नगर की धरोहर है जिसका नगरपालिका द्वारा सुदृढ़ीकरण, सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है, निर्माण कार्य को नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने वार्ड पार्षद रवि शर्मा, कमलेश जैन, डॉ. सलीम, अरशद अली की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नपा के तकनीकी अधिकारी अनिल धुर्वे, सुभाष सिसौदिया से निर्माण कार्य की गुणवत्ता संबंधी चर्चा की गई। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने तकनीकी अमले को निर्देशित किया कि तालाब की पाल पर विकसित पार्क जो कि काफी जगह से क्षतिग्रस्त हो चुका है उसे त्वरित दुरूस्त करें। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि अमृत 2.0 योजनांतर्गत काला तालाब पर पाल का मरम्मत कार्य, रैलिंग, फेंसिंग, पत्थर पिचिंग कार्य, रिटर्निंग वॉल के साथ ही पाथवे का निर्माण होगा।

# मुख्यमंत्री ने की किर्गिस्तान में फंसे मप्र के छात्रों से मोबाइल पर बात

## विद्यार्थियों को दिया सुरक्षा का भरोसा, कहा- मोदी सरकार उनकी चिंता कर रही

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हिंसा प्रभावित किर्गिस्तान में फंसे अपने राज्य के छात्रों से मोबाइल फोन के जरिए बात की। मुख्यमंत्री ने छात्रों को सुरक्षा का आश्वासन दिया। वहीं, किर्गिस्तान में पढ़ रहे मध्य प्रदेश के छात्रों के अभिभावकों ने उस देश की राजधानी बिश्केक में स्थानीय लोगों और विदेशियों के बीच झड़प की खबरों के बीच केंद्र से अपने बच्चों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

बातचीत में विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को बताया कि सभी विद्यार्थी हॉस्टल में रह रहे हैं और वहां उन्हें कोई परेशानी नहीं है। मुख्यमंत्री ने रोहित पांचाल, रवि सराठे और विवेक शर्मा से बात की। उनसे अन्य विद्यार्थियों के हालचाल भी पूछे।



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विद्यार्थियों को भरोसा दिलाया कि वह हॉस्टल में रहकर अपनी पढ़ाई करें । चूँकि शीघ्र ही उनकी परीक्षा होने वाली है। वे सभी परीक्षा में शामिल हो, इसके बाद ढाई महीने का अवकाश रहेगा। उन्हें घर बुलवा लेंगे। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि किसी भी अप्रिय स्थिति निर्मित होने पर वह मध्यप्रदेश में जिला प्रशासन से बात कर सकते हैं। राज्य सरकार को भी सूचना दे सकते हैं। इस पर तुरंत हम कार्रवाई करेंगे।

वर्तमान में मप्र से 1200 और पूरे देश से लगभग तीस हजार विद्यार्थी किर्गिस्तान में रहकर पढाई कर रहे हैं।

### 18 मई को हुआ था विवाद

स्थानीय लोगों और विदेशियों के बीच 18 मई को झगड़ा होने की सूचना मिलने के बाद भारत ने बिश्केक में अपने छात्रों को घरों के अंदर ही रहने के लिए कहा। लीना सराठे का बेटा रवि तीसरे वर्ष का मेडिकल छात्र है। उन्होंने कहा बिश्केक की स्थिति के कारण मेरा बेटा और अन्य छात्र डरे हुए हैं। मैं चाहती हूं कि मेरा बेटा सुरक्षित घर लौट आए

## नौतपे से पहले तप रहा प्रदेश, 23 मई तक हीट वेव का अलर्ट जारी

# 25 मई से शुरू होगा नौतपा जारी है भीषण गर्मी का कहर

### सूरज की तपिश ने किया लोगों का निकलना मुश्किल

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश में मई महीने में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने 23 मई तक हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। 25 मई से नौतपे की शुरूआत भी होने वाली है। इसके बाद गर्मी और बढ़ सकती है। लू के साथ रात का तापमान भी बढ़ेगा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि प्रदेश के कई जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है। इसमें राजधानी भोपाल के साथ इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, दतिया, सागर, भिंड, मुरैना, उज्जैन भी शामिल है।

दूसरी ओर प्रदेश के कुछ जिलों में अंधी तूफान के साथ बारिश की संभावनाएं भी जताई जा रही हैं। मौसम विभाग द्वारा बताया गया है कि छिंदवाड़ा, अशोकनगर, शिवपुरी, मैहर के साथ कुछ अन्य जगहों पर तापमान कम रहेगा और बारिश भी होने की संभावनाएं हैं।

मध्य प्रदेश के ग्वालियर, दतिया, भिंड,



निवाड़ी, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, राजगढ़, नीमच, मंदसौर, रतलाम, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, दमोह, कटनी में हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है।

### यहां गिर सकते हैं ओले

बैतूल, विदिशा, सागर और उत्तरी छिंदवाड़ा में बिजली के साथ ओलावृष्टि और तेज हवाएं 80 किमी प्रति घंटे की गति से बहने की संभावनाएं हैं। साथ ही उत्तरी भोपाल, राजगढ़, अशोकनगर, शिवपुरी, दमोह, सिवनी, पांढुर्ना, पन्ना, सतना, रीवा मऊगंज एवं शाजापुर में मध्यम धूल, तूफान के साथ बिजली और ओलावृष्टि होने की संभावनाएं जताई गई हैं।

## भोपाल लोकसभा सीट के लिए पुरानी जेल में होगी मतगणना

**भोपाल,(निप्र)।** भोपाल लोकसभा सीट पर पिछली 7 मई को वोटिंग के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना की तैयारियां शुरू कर दी हैं। 4 जून को भोपाल लोकसभा क्षेत्र में शामिल सात विधानसभा सीटों की मतगणना पुरानी जेल में होगी। सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। मतगणना के लिए 55 सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाएगी। हालांकि, इस बार परिणाम घोषित होने में करीब 3 घंटे की देरी होगी। जिसकी वजह यह है कि इस बार ईवीएम के मतों एवं वीवीपैट पर्ची का मिलान भी किया जाएगा। बताया जा रहा है कि हर विधानसभा के 5-5 मतदान केन्द्रों का लॉटरी से चयन कर ईवीएम के मतों और वीवीपैट पर्चियों से वोट का मिलान होगा। मिलान काउंटिंग का आखिरी राउंड समाप्त होने के बाद होगा. प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की वीवीपैट पर्चियों का मिलान होने के बाद रिजल्ट घोषित होगा।

## सिमरन फार्म्स लिमिटेड

**CIN: L01222MP1984PLC002627**

पंजीकृत कार्यालयः 1–बी, विकास रेखा काम्प्लेक्स, खातीवाला टैंक, इंदौर (म.प्र.)-452001, फोनः 0731-4255900
ई–मेलः compliance@simranfarms.com, वेब पोर्टलः www.simranfarms.com

### सदस्यों को पोस्टल बैलट और ई-वोटिंग की सूचना

एतद द्वारा **सिमरन फार्म्स लिमिटेड** के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी (प्रबन्दन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 एवं नियम 22 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 एवं 110 के प्रावधानों एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र क्रमांक 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, अन्य प्रासंगिक परिपत्रों के अनुसार तथा सामान्य परिपत्र 09/2023 दिनांक 25 सितम्बर, 2023 सहित (एमसीए परिपत्र), सेबी के विनिमय 44 (सूचीबद्ध करने की बाध्यता और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनिमय, 2015 (सेबी एलओडीर नियमन) के अनुसार कंपनी के सदस्यों की सिर्फ रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम द्वारा पोस्टल बैलट सूचना में उल्लेखित नीचे दिए गए प्रस्ताव पर सहमती के लिए, पोस्टल बैलट सूचना दिनांकित 15 मई, 2024 उन सदस्यों को 21 मई, 2024 को ई-मेल के माध्यम से भेजी जा चुकी है जिनका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपाजिटरी द्वारा रखे गए लाभकरी स्वामियों के रजिस्टर में कट ऑफ तिथि अर्थात शुक्रवार, 17 मई, 2024 के दिन क्रमश: पंजीकृत है:

| मद संख्या | प्रस्ताव | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | विशेष प्रस्ताव | कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्री सतिंदर पाल सिंह भाटिया (डीआईएन: 10549648) की नियुक्ति। |

पोस्टल बैलट सूचना और मतदान के निर्देश, कंपनी की वेबसाइट www.simranfarms.com पर और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सी.डी.एस.एल) की वेबसाइट यानी www.evotingindia.com पर और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com जिस पर कंपनी के शेयर सूचीबद्ध है, के संगत अनुभाग पर भी उपलब्ध है। जिन शेयरधारकों के पास कट-ऑफ तिथि तक शेयर हैं, जिन्हें उक्त पोस्टल बैलेट सूचना का ई-मेल नहीं मिला है, वे उपरोक्त वेबसाइटों से इसे डाउनलोड कर सकते हैं या कंपनी को ईमेल लिख सकते हैं और उसका डुप्लीकेट प्राप्त कर सकते हैं।

एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में, पोस्टल बैलट सूचना की भौतिक कॉपी, पोस्टल बैलट फॉर्म और पहले से चुकता-शुल्क वाले व्यावसायिक जवाब लिफाफे, शेयरधारकों को मतदान के लिए नहीं भेजे गए है और शेयरधारकों को उनकी सहमति या असहमति केवल रिमोट-ई मतदान प्रणाली के जरिये ही देनी होगी।

जैसा कि आवश्यक है, कंपनी सभी सदस्यों को ई मतदान की सुविधा प्रदान कर रही है, ताकि वह इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान कर सके। कंपनी ने ई-मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सी.डी.एस.एल) को नियुक्त किया है ताकि सदस्यों को उनके वोट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से डालने की सुविधा दी जा सके। मतदान के अधिकार का निर्धारण, तय निर्धारित तिथि पर सदस्य (सदस्यों) के नाम पर पंजीकृत शेयरों के चुकता मूल्य पर किया जायेगा और ऐसा कोई भी व्यक्ति जो कि उस निर्धारित तिथि को सदस्य नहीं है, डाक मतपत्र की सूचना को केवल जानकारी हेतु माने।

ई-मतदान द्वारा पोस्टल बैलट पर मतदान की सुविधा निम्नलिखित अवधि के लिए उपलब्ध होगी:

मतदान का आरम्भ: सोमवार, 27 मई, 2024 (प्रातः 09:00 बजे से भारतीय समयानुसार)
मतदान की समाप्ति: मंगलवार, 25 जून, 2024 (शाम 05:00 बजे तक भारतीय समयानुसार)

इस अवधि के दौरान कंपनी के ऐसे सदस्य, जो तय निर्धारित तिथि पर यानि शुक्रवार, 17 मई, 2024 को भौतिक स्वरूप में या डीमटेरियलाइस स्वरूप में इक्विटी शेयरधारक है, वह इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान कर सकते है। मंगलवार, 25 जून, 2024 को शाम 5.00 बजे पश्चात ई मतदान की अनुमति नहीं होगी। इसके बाद सीडीएसएल द्वारा ई-मतदान प्रणाली को मतदान के लिए निष्क्रिय कर दिया जायेगा और उक्त तिथि के बाद इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी।

कंपनी ने श्री एल.एन. जोशी, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी, इंदौर (सदस्यता संख्या एफ 5201, सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस नंबर 4216) को निष्पक्ष और पारदर्शी प्रणाली से रिमोट ई-मतदान प्रक्रिया के माध्यम से पोस्टल बैलेट के संचालन के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।

पोस्टल बैलट/ई मतदान के परिणाम गुरुवार 27 जून, 2024 को या इसके पूर्व घोषित किये जायेंगे। घोषित परिणाम, संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ कंपनी की वेबसाइट www.simranfarms.com और (सी.डी.एस.एल) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर दिखाए जायेंगे और उनकी सूचना बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) को दी जायगी।

उन शेयरधारकों द्वारा रिमोट ई मतदान प्रक्रिया में भागीदारी को सक्षम बनाने के लिए, जिन्हे वैध ई-मेल आईडी की अनुपलब्धता की वजह से पोस्टल बैलट की सूचना नहीं भेजी जा सकी है, कंपनी ने अपने रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट के साथ ऊपर उल्लेखित परिपत्रों के अनुरूप ई-मेल आईडी के रजिस्ट्रेशन के लिए उपयुक्त व्यवस्था की है।

ई-मेल आईडी के पंजीकरण की प्रक्रिया निम्नलिखित है:-

| | |
|---|---|
| भौतिक पद्धति | ई-मेल पंजीकृत के लिए कृपया कंपनी/रजिस्ट्रार एंड शेयर ट्रांसफर एजेंट को ई-मेल द्वारा आवश्यक विवरण जैसे फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की हुई प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्वप्रमाणित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वप्रमाणित स्कैन की हुई प्रति) के साथ विधिवत हस्ताक्षरित फॉर्म आईएसआर -1 में अनुरोध करे। |
| डीमैट पद्धति | कृपया अपने डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट्स (डीपी) से संपर्क करे और आपके डीपी द्वारा बताए अनुसार अपना ई-मेल पते को पंजीकृत करे। |

सी.डी.एस.एल के ई-मतदान प्रणाली से ई-मतदान के सम्बन्ध में कोई प्रश्न या समस्या होने पर, आप helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ई-मेल या 1800 22 55 33 पर सम्पर्क कर सकते है।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायते श्री राकेश डालवी, सीनियर मैनेजर, (सी.डी.एस.एल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग 25वी तल, मैराथन फ्युचरेक्ष, मफतलाल मिल कंपाउंड, एन.एम.जोशी मार्ग लोअर परेल (पूर्व) मुंबई-400013 को भेज सकते है या helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल कर सकते है या 1800 22 55 33 पर सम्पर्क कर सकते है।

**बोर्ड के आदेश से**
**सिमरन फार्म्स लिमिटेड**
हस्ते /-
**सी.एस. तनु परमार**
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
ए.सी.एस. 34769

दिनांक: 22.05.2024
स्थान: इंदौर

Sheetal

# युवक-युवती ने ट्रेन के सामने आकर सुसाइड किया

### विदिशा में दोनों साथ काम करते थे; दोस्तों ने रात में युवक को ट्रैक से उठाकर घर छोड़ा था

**विदिशा ,(निप्र)।** विदिशा में मंगलवार को युवक और युवती ने ट्रेन के सामने आकार जान दे दी। दोनों ही कंपनी में साथ काम करते थे। हादसे में युवक का एक हाथ और गला कट गया। दोनों की मौके पर मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को अस्पताल पहुंचाया।

कोतवाली थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि भुजबल केवट (20) निवाड़ी और विनीता (23) टीमकगढ़ की रहने वाले थी। दोनों शहर के बंटी नगर इलाके में रहते थे। उन्होंने उदय नगर कॉलोनी के पीछे रेलवे ट्रैक पर सुसाइड कर लिया। दोनों एक कपड़ा कंपनी में कमीशन बेस पर काम करते थे।

कपड़े की कंपनी के पदाधिकारी भूपेंद्र कुमार ने बताया कि भुजबल साधारण परिवार से था। उसके पिता को पैरालिसिस होने के कारण आर्थिक हालात ठीक नहीं थे। कंपनी में काम करने वाले सहयोगी रोहित सिंह ने बताया कि भुजबल केवट तीन भाई हैं। बड़े भाई की शादी हो गई है और वह दिल्ली में जॉब करता है। बुजुर्ग माता-पिता के साथ छोटे भाई की जिम्मेदारी भी भुजबल के कंधों पर थी। मृतक भुजबल 8वीं कक्षा तक पढ़ाई किया था।

बंटी नगर स्थित सांवरिया कॉलोनी में दोनों साथ में रहते थे। लड़की 8 महीने पहले ही विदिशा आई थी और भुजबल के साथ ही रह रही थी। दोनों के रिश्ते के बारे में उनके परिवार को पता था।

सोमवार रात दोनों सुसाइड करने के लिए रेलवे ट्रैक पर आए थे। उनके पीछे साथी कर्मचारी आ गए और दोनों को ने रेलवे लाइन से उठाकर वापस भेजा रात 3 बजे दोनों घर जाने की बोलकर चले गए थे।

लड़की ने पिता को फोन कर यह जानकारी दी थी, इस पर पिता ने उसके साथ में काम करने वाले कर्मचारियों को जानकारी दी थी। कर्मचारियों ने रेलवे लाइन की तरफ उन्हें खोजा तो दोनों के शव मिले।

## CHOKSI LABORATORIES LIMITED

**CIN : L85195MP1993PLC007471**
**Regd. Off.:** Survey No. 9/1, Near Tulsiyana Industrial Park, Gram Kumedi, Indore-452010 (MP.) Website: **www.choksilab.com**
E-mail: **compliance_officer@choksilab.com**

### NOTICE

NOTICE is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, 01/2024-25 meeting of Board of Directors of **M/s. CHOKSI LABORATORIES LIMITED** has been scheduled to be held on **Wednesday, 29th day of May, 2024 at 12:30 P.M.** at the registered office of the Company Survey No. 9/1, Near Tulsiyana Industrial Park, Gram Kumedi, Indore (M.P.) - 452010 to consider, approve and take on record Audited Financial Results of the Company for the Quarter and Year ended on 31st March, 2024 along with other agenda items.

Pursuant to SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015, it is hereby notified that "Trading Window" of the Company has already been closed from 01st April, 2024 to 31st May, 2024 (both days inclusive).

The aforesaid Notice is also available on the Company Website **www.choksilab.com** and BSE Website: **www.bseindia.com**

By order of the Board
For **Choksi Laboratories Limited**
Sd/-
**Prakhar Dubey**
Company Secretary & Compliance Officer

Place : **INDORE**
Date : **21.05.2024**

## KASTA® Pipes & Fittings — Kriti Industries (India) Ltd.

**CIN : L25206MP1990PLC005732**
Regd. Office: Mehta Chambers, 34, Siyaganj, Indore-452 007 Phone: 0731-2719100/ 26, Fax: 2704506
E-mail: cs1@kritiindia.com, Website: www.kritiindustries.com
Kriti Group

### Notice of 34th Annual General Meeting to be held through Video Conferencing / Other Audio Visual Means

**NOTICE** is hereby given that the 34th Annual General Meeting (AGM) of the Company will be held on **Tuesday, 18th June, 2024 at 3:00 P.M. IST** through Video Conferencing/Other Audio Visual Means ("VC/OAVM") in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 read with the General Circular Nos. 14/2020 dated April 8, 2020, 17/2020 dated April 13, 2020, 20/2020 dated May 5, 2020, 22/2020 dated June 15, 2020, 33/2020 dated September 28, 2020, 39/2020 dated December 31, 2020, 02/2021 dated January 30, 2021, 2/2022 dated May 5, 2022, and 10/2022 dated December 28, 2022 and subsequent circulars issued in this regard, the latest being 09/2023 dated September 25, 2023 issued by Ministry of Corporate affairs ("MCA Circulars") and Master Circular No. SEBI/HO/CFD/POD2/CIR/P/2023/120 dated July 11, 2023 issued by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI Master Circular"), permitting the holding of AGM through VC/OAVM without physical presence of members at a common venue. Members will be provided with a facility to attend the 34th AGM through electronic platform provided by Central Depository Services (India) Limited (CDSL).

In compliance with the above Circulars, electronic copies of the Notice of 34th AGM and Annual report for the financial year 2023-24 will be sent to all the Shareholders whose email addresses are registered with the Company/Depository Participant(s). If you have not registered your email address with the Company/Depository Participant(s) you may please follow below instructions for registering/updating your email addresses:

| | |
|---|---|
| **Physical Holding** | Please send a request to the Company/Registrar and Share Transfer Agent providing Folio No., Name of Shareholder, Scanned Copy of the share certificate (front and back), self attested copy of PAN Card and any of Driving License, Election Identity Card, Aadhar Card and Passport for registering email address. |
| **Demat Holding** | Please contact your Depository Participant (DP) and register your email address and bank account details as per process advised by your DP. |

Members may note that the Notice of 34th AGM and the Annual Report for the Financial Year 2023-24 will be available on the Company's Website at www.kritiindustries.com and website of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited at www.bseindia.com and National Stock Exchange of India Limited at https://www.nseindia.com/. The Notice of 34th AGM will also be available on the website of CDSL at www.evotingindia.com

The members will have an opportunity to cast their vote electronically on the businesses set out in the 34th AGM Notice through remote e-voting/e-voting during the AGM. The detailed procedure of remote e-voting/e-voting during the AGM by Members holding shares in physical mode and members, who have not registered their email ID with the Company, will be provided in the AGM Notice.

Members please note that SEBI, vide its master circular No. SEBI/HO/MIRSD/POD-1/P/CIR/2024/37 dated May 7, 2024, by rescinding earlier circulars, has mandated Members holding shares in physical form to submit PAN, nomination, contact details, bank account details and specimen signature in specified forms. Members may access https://kritiindustries.com/investor-desk/standard-documents-for-investor/ or https://www.ankitonline.com/documents.aspx for Form ISR-1 to register PAN/email id/bank details/other KYC details, Form ISR-2 to update signature and Form ISR-3 for declaration to opt out. Members may make service requests by submitting a duly filled and signed Form ISR-4 & ISR-5, the format of which is available on the Company's website and on the website of the Company's Registrar and Transfer Agent. In case a holder of physical securities whose folio do not have aforesaid details updated shall be eligible to lodge grievance or avail any service request from the RTA only after furnishing PAN, KYC details and Nomination and for any payment including dividend, interest or redemption payment in respect of such folios, only through electronic mode with effect from April 01, 2024.

The above information is being issued for the information and benefit of all the Members of the Company and is in compliance with the MCA Circulars and SEBI Circular.

By order of the Board
For **Kriti Industries (India) Limited**
Sd/-
**Tanuj Sethi**
Company Secretary

Place: **Indore**
Date: **21st May, 2024**

## ArihantCapital Generating Wealth — Arihant Capital Markets Ltd.

(Group concerns member of BSE, NSE, NCDEX, MCX, DP-NSDL, CDSL)
**CIN - L67120MP1992PLC007182**
Regd. Office: 6, Lad Colony, Y.N. Road, Indore-452 001 Phone: 0731-4217100
Email: compliance@arihantcapital.com, Website: www.arihantcapital.com

### Extract of Audited Consolidated Financial Results for the Quarter and Year Ended on March 31, 2024

(₹ in lacs)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2023 | 31.03.2024 | 31.03.2023 |
| | | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited |
| 1. | Income | | | | | |
| | a) Revenue from Operations | 6,372.67 | 7,265.63 | 2,930.45 | 23,514.36 | 13,754.77 |
| | b) Other Income | 21.57 | 3.38 | 7.85 | 46.21 | 21.26 |
| 2. | Profit / (Loss) before Share of Profit / (Loss) of Associates, Tax & Exceptional Items | 3,233.33 | 2,475.76 | 284.66 | 9,058.47 | 3,872.68 |
| 3. | Share of Profit / (Loss) of Associates (Net of Tax) | 27.95 | 94.15 | (13.10) | 210.28 | 30.72 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | 3,261.28 | 2,569.91 | 271.56 | 9,268.75 | 3,903.40 |
| 5. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 3,261.28 | 2,569.91 | 271.56 | 9,269.57 | 3,938.71 |
| 6. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 2,466.04 | 1,958.72 | 195.46 | 7,051.04 | 2,911.76 |
| 7. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 2,425.56 | 1,958.82 | 196.46 | 7,012.03 | 2,924.41 |
| 8. | Paid-up Equity Share Capital (Face value of ₹ 1/- each) | 1,041.13 | 1,041.13 | 1,041.13 | 1,041.13 | 1,041.13 |
| 9. | Other Equity (Excluding Revaluation Reserve) as shown in the audited balance sheet of previous year. | - | - | - | - | - |
| 10. | Earnings Per Share (EPS) (Face value of ₹ 1/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | | | |
| | a) Basic: | 2.37 | 1.88 | 0.19 | 6.77 | 2.80 |
| | b) Diluted: | 2.37 | 1.88 | 0.19 | 6.77 | 2.80 |

**Notes :**

1 The above Audited Consolidated Financial Results of the Company for the Year ended on March 31, 2024 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in the Meeting held on May 21, 2024. The Statutory Auditors have conducted audit of these results in terms of Regulation 33 of the Securities Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosures Requirements) Regulations, 2015.

2 The Consolidated Financial Results for the quarter and year ended March 31, 2024 include the following entities of the group:
(i) The Consolidated results of the Company include audited results of the subsidiaries - Arihant Institute of Financial Education Private Limited (100%) (till July 31, 2023), Arihant Futures and Commodities Limited (100%), Arihant Financial Services Limited (100%), Arihant Insurance Broking Services Limited (100%), Arihant Capital (IFSC) Limited (100%)
(ii) The Audited financial results of associate, Electrum Capital Private Limited (27.23%), in India. The financial result of Electrum Capital Private Limited does not constitute a material component of the consolidated financial results and these have been consolidated as associate, under equity method of accounting as per Indian Accounting standard.

3 The Company has sold entire shareholding of its wholly owned subsidiaries Arihant Institute of Financial Education Private Limited on July 31, 2023 for a total consideration of ₹ 53.75 Lacs. The Company has recognized gain of ₹ 82 lacs in exceptional item in the Consolidated Financial Statements.

4 The Board of Directors, have recommended a Dividend for the financial year ended on March 31, 2024 @ 50% (i.e. ₹ 0.50/-) per equity share (face value of ₹ 1/- per share) to the equity shareholders. The Dividend will be paid after the approval of shareholders at ensuing Annual General Meeting. The date of book closure for the entitlement of such dividend and Annual General Meeting shall be decided and informed in due course of time.

5 The figures for the quarter ended March 31, 2024 and March 31, 2023 represents the balance between audited financial in respect of the full financial year and those published till the third quarter of the respective financial years.

6 Previous period / year figures have been regrouped / reclassified, wherever found necessary, to conform to current period / year classification.

7 The Company has sold entire shareholding of its wholly owned subsidiary Ahinsa Lifespace Infraheight Limited on September 30, 2022 for a total consideration of ₹ 221.00 Lacs. The Consolidated results for year ended of FY 2022-23 include the profit / (loss) figures of the subsidiary for the period.

8 The full format of the Quarterly Financial Results are available on the exchange website i.e. www.bseindia.com and www.nseindia.com and on the company's website viz. www.arihantcapital.com.

**Key Standalone Financial Information is given below:** (₹ in lacs)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2023 | 31.03.2024 | 31.03.2023 |
| | | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited |
| 1. | Income | | | | | |
| | a) Revenue from Operations | 6,240.90 | 7,106.74 | 2,825.18 | 22,893.53 | 13,228.05 |
| | b) Other Income | 21.57 | 3.38 | 5.40 | 43.21 | 18.79 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | 6,262.47 | 7,110.12 | 2,830.58 | 22,936.74 | 13,246.84 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 2,362.19 | 1,801.41 | 144.68 | 6,583.52 | 2,622.86 |
| 4. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 2321.30 | 1801.41 | 146.62 | 6,542.62 | 2,624.80 |

By or on behalf of the Board
Sd/-
**Ashok Kumar Jain**
(Chairman & Managing Director)
**DIN : 00184729**

Place: **Mumbai**
Date : **May 21, 2024**

VIGILANCE